तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 9 जून 2025



12 पुना पर्रियान और मावा मोदोल कोचिंग सेंटर का ...





12 मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का ...






## खबर संक्षेप



### शराबबंदी को लेकर ग्राम स्तर पर हुई बैठक, दंड किया तय

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम कालागांव में ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर गांव में पूर्ण रूप से शराब बंदी का निर्णय लिया गया है। बैठक में 30 सदस्य निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें 15 पुरुष और 15 महिला शामिल है। गांव का प्रस्तावित नियमों का उल्लंघन करने, शराब बनाने, शराब बेचने वाले पर 10 हजार रुपए अर्थ दंड एवं शराब पीकर वाद विवाद झगड़ा लड़ाई करने वाले को 5 हजार रूपएं अर्थदंड रखा गया है। बैठक में गांव का प्रस्तावित नियमों को नहीं मानने वाले व उल्लंघन करने वाले को पुलिस एवं आबकारी विभाग को कार्रवाई के लिए अवगत कराया जाएगा।

### परिजनों ने मदद की लगाई गुहार



**अंतागढ़।** मृतक की पत्नियां अपने छोटे-छोटे बच्चो के साथ न्याय की गुहार लेकर अखिल भारतीय के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी से मुलाकात कर अपनी व्यथा से अवगत कराया कि विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम मरदा निवासी रामेश्वर पिता रैयसिंह नरेटी, सुरेश पिता मरदोसिह तेता, विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम पैवरी निवासी अनिल पिता नोहरसिंह एक रिश्ते परिवार के लोग विकासखण्ड कोयलीबेड़ा पानीडोबीर के जंगल तेंदूपत्ता बांधने का रस्सी के लिए गए थे। जिनको पुलिस के द्वारा गोली से मार दिया गया और उनकी मौत हो गई। इस दौरान ग्राम पंचायत बदरंगी सरपंच पति संतोष शोरी, ग्राम पंचायत सिकसोड़ पूर्व सरपंच अनिल दर्रो, मुकेश ठक्कर, विश्रामसिंह गावड़े व मुकेश सलाम उपस्थित रहे।

### युवक के साथ मामूली बात को लेकर मारपीट



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा शराब आहता में मामूली बात को लेकर आरोपी ने युवक के साथ मारपीट किया। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 9 लक्ष्मीबाई वार्ड अंतागढ़ निवासी 36 वर्षीय योगेश कुमार आतराम पिता स्व. भुवन सिंह आतराम ने पुलिस को बताया कि 18 मई को रात करीबन साढ़े 8 बजे शराब आहता मद्रासीपारा अंतागढ़ में बैठा था। तभी नयापारा अंतागढ़ निवासी राजू के पास आया और मुझे वहां से हट, वहां पर मैं बैठूंगा बोला। मैं क्यो हटूंगा बोला तो वह मुझे गाली देने गला। हाथ एवं लात से मारपीट करने लगा। मुझे बोल रहा था कि तू कहीं मिलेगा तो तुझे जान से मार दूंगा। जान से मारने की धमकी देने से मुझे बहुत डर लग रहा है। उसके मारपीट करने से मेरे पीठ में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बाजारपारा के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत बाजारपारा के पांच साल के बच्चे का तालाब में डूबने से मौत हो गई। बाजारपारा दुर्गूकोंदल निवासी 28 वर्षीय जागेश्वरी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि जैनसिंग कोर्राम 7 जून को दोपहर 3 बजे डबरी के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


---

कार्रवाई : खनिज विभाग ने कहा कि मामले की जांच जारी है, जल्द होगा खुलासा

# लौह अयस्क से भरे हुए दो ट्रक को खनिज विभाग ने कब्जे में लिया, दोनों वाहनों में नहीं थे कागजात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- सही ढंग से जांच किए जाने पर बड़े खेल हो सकता है उजागर





जगदलपुर से लौह अयस्क की चोरी करके बिना कागज के सिलतरा जा रहे दो ट्रकों को खनिज विभाग ने बीती रात को बहुत ही मशक्कत के साथ पकड़ा। वाहन चालक ज्यादा जानकारी नहीं दे रहे है, वहीं खनिज विभाग ने चालकों के माध्यम से सोमवार 9 जून को मालिकों को बुलाया है। वाहन के मालिकों के आने के बाद ही सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी कि बिना कागज का लौह अयस्क कहां भेजा जा रहा था।

खनिज विभाग को जानकारी मिली थी कि ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 27 क्यू 4300और सीजी 18 क्यू 4300 में लौह अयस्क बिना कागज के रायपुर जा रहा है। इसके अलावा एक अन्य ट्रक का भी नंबर आया था, जिसमें सभी कागज थे। खनिज विभाग ने दोनों ट्रक चालकों से परिवहन किए जा रहे लौह अयस्क के दस्तावेजों की माँग की। उस समय कोई दस्तावेज चालक नहीं दिखा पाएं। खनिज विभाग ने दोनों ट्रक को पुलिस को सुपुर्द करते हुए पुलिस लाइन में वाहनों को रखा गया। वाहन चालकों ने खनिज विभाग के अमले को बताया कि हमारे पास कोई कागज नहीं है। हमें यह कहा गया था कि सिलतरा जाना है, उसके बाद बताएंगे कि माल कहाँ खाली होगा। खनिज विभाग ने वाहन चालकों के माध्यम से मालिकों को सोमवार को खनिज कार्यालय बुलाया गया है। वाहन मालिक के बयान मिलने पर यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह लौह अयस्क इनके पास कहाँ से आया और किसने ट्रक में भरने की परमीशन दिया। बिना कागजात के लौह अयस्क को किस कंपनी के पास ले जाया जा रहा था। यह बड़ा मामला खनिज विभाग के हाथ लगा है। जानकारों का कहना है कि जगदलपुर के रैक प्वांइट पर सही ढंग से जांच की जाए तो इस तरह की होनी वाली चोरो के खेल को पकड़ा जा सकता है। खनिज विभाग ने इस मामले की सही ढंग से जाँच किया तो बड़ा मामला प्रकाश में आ सकता है। जगदलपुर में यह खेल लंबे समय से चला आ रहा है। खनिज विभाग इस मामले में लीपापोती करती है या कड़ी कार्रवाई करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रैक से किस प्रकार से चोरी करके लौह अयस्क को पार किया जा रहा था, इसकी कहानी अभी तक सामने नहीं आई है। दोनों ट्रकों पर कार्रवाई करने वाले खनिज विभाग का अमला अभी कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। मामला जगदलपुर का होने के चलते और 8 जून को रविवार होने के कारण खनिज विभाग से विस्तृत जानकारी नहीं मिलने के कारण अभी इस मामले पर अधिकृत खनिज विभाग कुछ कहने की स्थिति में नही है। इसकी खबर जगदलपुर फैलते ही लौह अयस्क के माफियाओं में हडकंप मच गया है। लौह अयस्क कंपनी इस मामले में किस तरह से कार्यवाही करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### चालकों को जानकारी नहीं

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू से हरिभूमि ने पकड़े गए दोनों ट्रकों के बारे में जानकारी चाही गई। इस पर उनका कहना था कि बीती रात को लौह अयस्क से भरे हुए दो ट्रक को पकड़ा गया है। वाहन चालकों ने कोई जानकारी नहीं दिया गया है। इस मामले में विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है। मामले की जाँच जारी है। जांच होने के बाद ही अधिकृत जानकारी दी जा सकेगी।

---

# सेंट्रल लाइब्रेरी अब रविवार को भी खुली रहेगी, जिले के छात्रों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- प्रतिदिन 600 से अधिक छात्र-छात्राएं मिल रही सुविधा

जिला प्रशासन द्वारा संचालित सेंट्रल लाइब्रेरी अब सप्ताह के सभी दिनों में विद्यार्थियों के लिए खुली रहेगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में यह निर्णय लिया गया है। लाइब्रेरी में वर्तमान में पांच बैचों में प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है, जिसमें प्रति बैच लगभग 130 छात्र शामिल होते हैं। इस प्रकार प्रतिदिन 600 से अधिक छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

सप्ताह के सभी दिनों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए अब लाइब्रेरी रविवार अवकाश दिवस को भी पूर्ववत सुबह 7 से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। सीईओ ने बताया कि व्यापम, पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र लगातार मांग कर रहे थे कि वे रविवार को भी अध्ययन करना चाहते हैं। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। रविवार को भी लाइब्रेरी में प्रतिदिन की तरह 200 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

### समय पर मिल रही अध्ययन सामाग्री

छात्रों की सुविधा के लिए लाइब्रेरी में शुद्ध पेयजल, वातानुकूलन, उपयुक्त बैठक व्यवस्था, पार्किंग जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं और साथ ही आवश्यक अध्ययन सामग्री व पुस्तकें समय पर विद्यार्थियों को मुहैया कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे रविवार सहित सभी दिनों में लाइब्रेरी में उपस्थित होकर इसका अधिकतम लाभ उठाएं।

---

## जमीन पर कब्जा करने की बात को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- दोनों पक्षों पर हुआ काउंटर केस



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 दुर्गापुर में जंगल को साफ करके जमीन को कब्जा करने कि बात को लेकर गांव के दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गया और एक दूसरे के साथ जमकर हाथापाई हुई। दोनों पक्ष ने पखांजुर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की बात सुनकर काउंटर केस दर्ज किया।

ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर का निवासी उत्तम सरकार ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता है। मेरे पिता स्व. हरि कमल सरकार व हम लोग मिलकर ग्राम पीव्ही 21 के जंगल को साफ करके तार काटा का घेरा लगाकर कब्जा किए थे। गांव के संजीत मण्डल द्वारा मेरे कब्जे भूमि के घेरा को 7 जून को उखाड़ कर फेंक देने की बाते धनंजय कीर्तनिया से पता चलने पर वह और उसका भाई दिलीप सरकार, संजय सरकार के साथ शाम 5 बजे कब्जा किए खेत में गए। हमारे द्वारा लगाए घेरा को उखाड़ दिया गया था। हम लोगों द्वारा समिरन मण्डल, संजीत मण्डल को पूछे कि हमारे घेरा बाड़ी को क्यों उखाड़ दिए हैं। तब दोनों ने हमारा द्वारा कब्जा किया हुआ जमीन है। उस जमीन को तुम लोगों द्वारा घेरा लगाए हो कहने लगा। डंडा से दिलीप सरकार, संजय सरकार और मुझे मारने लगे। बोल रहे थे कि इस जमीन पर आने से तुम लोगो को जान से मारकर इसी जमीन में गाड़ देंगे। समिरन मण्डल और संजीत मण्डल के द्वारा मारने से दिलीप सरकार को सिर, मुँह में चोट लगा, संजय सरकार के सिर व अन्य जगह चोट लगा और कई जगह से खून निकलने लगा था। मेरे दाहिने घुटने, गर्दन व पीठ में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी समीरन मण्डल और संजीत मण्डल के खिलाफ धारा 115 (2), 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष से ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर का निवासी संजीत मंडल ने पुलिस का बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे पिता विश्वनाथ मण्डल द्वारा ग्राम पीव्ही 21 के जंगल को साफ करके कब्जा किए थे। उस जमीन को वह और घर वाले 7 जून को समतलीकरण कर घर आ गए थे। गांव में दिलीप सरकार, संजय सरकार, उत्तम सरकार हम लोगों को बोले कि तुम लोग कब्जा जमीन पर आना बोलने पर हम लोग ▸▸| शेष पेज 10 पर

## पत्नी के साथ की मारपीट, पति व सास-ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- पांचवीं पत्नी पहुंची थाने, की शिकायत

पति, सास व ससुर द्वारा घरेलू हिंसा करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके पति की पूर्व में चार पत्नी रह चुकी है।वह पांचवी पत्नी हूँ। पूर्व रह चुकी पत्नियों के साथ भी परिजन व पति मारपीट किया करते थे। दोनों का प्रेम विवाह हुआ था, उसके बाद सामाजिक रीतिरिवाज के साथ भी शादी हुआ। शादी के कुछ माह के बाद उसके पति, सास व ससुर मारपीट करने लगे।

हल्बा चौकी में शिकायत करने पहुंची देवीनवागांव निवासी 30 वर्षीय कविता भारती पति दुर्गेश भारती ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह दुर्गेश भारती पिता सतऊ राम भारती से 04 मई 2024 को प्रेम विवाह बिलाई माता मंदिर धमतरी में हुआ तथा उसके बाद सामाजिक रीति रिवाज से भी हुआ है। शादी के बाद हम लोग तीन माह अच्छे से रहे, उसके बाद मेरे पति व मेरे सास-ससुर के ▸▸| शेष पेज 10 पर

### चार पत्नियों के साथ करते थे मारपीट



महिला ने बताया कि वह उसे पुरुष की पांचवें नंबर की पत्नी है। उसके साथ भी वही बर्ताव कर रहा है, जो पहले की पत्नियों के साथ करता था। मेरे साथ गालीगलौज और जान से मार देने की धमकी दिया जाता है। जिससे मुझे व मेरे बच्चे की जान का खतरा बना हुआ है। उसके साथ 6 जून को भी हाथ मुक्का से बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश भारती, सतऊराम भारती और सुनिता भारती के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## हर वर्ग विकास की मुख्य धारा से जुड़कर बढ़ रहा आगे, किसान हो रहे खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनेलीकन्हार

- भाजपा मंडल धनेलीकान्हार की एक दिवसीय कार्यशाला



केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत के अमृत काल, सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण विषय को लेकर भाजपा मंडल धनेलीकान्हार द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल धनेलीकन्हार के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। आज हर वर्ग विकास की मुख्य धारा से जुड़ कर आगे बढ़ रहा है। किसान खुशहाल हो रहा है और किसानों को सम्मान निधि जैसे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे तेजी से काम हो रहा है और देश आतंकवाद का डटकर मुकाबला कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने जो संकल्प लिया था कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया। इसी तरह काश्मीर से धारा 370, 35 (ए) हटाने का संकल्प लिया था, उसे भी पूरा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष डाकेश राम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा इन 11 वर्षों मे देश ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आज देश विकसित भारत बनने की दिशा मे तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश विश्व मे चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप मे स्थापित हुआ है। जिन संकल्पो को पूरा करने के लिए सपना देखा गया था, वह वास्तव में आज मोदी के नेतृत्व मे वह संकल्प सिद्ध हो रहा है। चाहे 370 की बात हो, चाहे राम मंदिर निर्माण की बात हो, चाहे अंत्योदय की बात हो या रोजगार की बात हो, मोदी के नेतृत्व मे देश आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य पंचुराम नायक, मंडल के पूर्व महामंत्री ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खरीफ फसल की तैयारी में जुटे क्षेत्र के किसान



**दुर्गुकोंदल।** नौतपा समाप्त होने के बाद क्षेत्र के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। किसान ट्रैक्टर ट्राली व बैलगाड़ी के माध्यम से अपने खेतों में गोबर खाद डाल रहे हैं। ताकि खेत की उर्वरक शक्ति बनी रहे और अच्छी फसल हो। क्षेत्र के किसान लैम्पस से ऋण लेकर अभी से रासायनिक खाद की खरीदी कर किसान घरों में रख रहे हैं। प्रबंधक जितेंद्र कुमार साहू, राकेशवरी पुजारी व संतु पांडे ने बताया कि ग्राम दुर्गुकोंदल कोदापाखा, कोड़ेकुसी, दमकसा व हाटकोंदल सहित आसपास के किसान खाद-बीज का क्रय कर रहे हैं। मानसून के इंतजार में क्षेत्र के किसान तैयारी में लगे हुए हैं एवं उसके पूर्व खेतों का मरम्मत जुताई जेसीबी ट्रैक्टर से कार्य कर रहे हैं और किसान अपने कृषि कार्य पर लगे हुए हैं।

## पीएम मोदी ने देश के लिए जो संकल्प लिया था, वो आज पूरे हो गए: सुमित्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

- संकल्प से सिद्धि व विकसित भारत का अमृत काल पर हुई कार्यशाला

संकल्प से सिद्धि व विकसित भारत का अमृत काल को लेकर कोरर मंडल के द्वारा कार्यशाला का आयोजनल किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने जो संकल्प लिया था, वे सभी संकल्प आज पूरे हो गए है।

कोरर में 8 जून को रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने पीएम नरेन्द्र मोदी के11 साल के कार्यो को गिनाते हुए कहा कि चाहे वह कश्मीर के चिनाब नदी पर बने सबसे उंचे रेल्वे ब्रिज, राम मंदिर निर्माण, गरीब उत्थान, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, महतारी वंदन, तीन तलाक, जम्मू काश्मीर से 370 को हटाने जैसे कार्यो का वादा किया था, आज यह सभी संकल्प पूरे हो चुके है। केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने स्वागत उद्बोधन देते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर बधाई दिए। न

र्वितमान मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह परिहार, अजजा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमानंद तेता एवं गौतम लुंकड़ ने भी अपने उद्बोधन में पार्टी की मजबूती को लेकर बूथ तक सरकार की योजना की जानकारी को जानता तक पहुचाने कार्यकर्ता के सामने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जय शिवना और आभार महामंत्री नरेन्द्र शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष झाड़ूराम मंडावी, चउत राम उयके, पुनिता यदु, संतोषी ठाकुर, मंडल महामंत्री जय शिवना और नरेन्द्र शर्मा, मंडल मंत्री दशरथ यादव,थानसिंग साहू, मनीषा कुलदीप, भारती कोर्राम, कार्यालय प्रभारी ▸▸| शेष पेज 10 पर


---

जनप्रतिनिधियों के मौन साध लेने के चलते नहीं हो पा रही पहल

# आठ साल पहले धमतरी से कांकेर तक रेल लाइन के लिए हुआ था सर्वे, फाइल ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- अभियान चलाने वाले युवा भी अपने कार्यों में जुटे



जिला मुख्यालय कांकेर को रेल लाइन जोड़ने को लेकर तत्कालीन सांसद विक्रम उसेंडी के प्रयास से धमतरी से कांकेर को सर्वे के लिए बजट में जोड़ा गया था। सर्वे होने के बाद आठ साल पहले रिपोर्ट भी विभाग को सौंपी गई, परंतु उसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। दो से तीन साल तक रेल लाने को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था, परंतु उसके बाद सब टांय टांय फिस्स हो गया। कांकेर रेल लाइन अभियान की मुहिम 2019 में जगदलपुर से लेकर कांकेर के युवाओं ने चलाया था, परंतु उसके बाद कोई पहल नहीं हो पाने के कारण अभियान में डटे युवा दूसरे मार्ग में चले गए। अभियान दलों ने उस समय हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था। तत्कालीन सांसद विक्रम उसेंडी ने इसके लिए पहल भी किया था, उसके बाद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए कोई पहल नहीं किया, उसी का परिणाम रहा कि वे अब जिम्मेदार गायब हो चुके है। 2019 में जगदलपुर से कांकेर होते हुए रायपुर तक की सीधी रेल लाइन की मांग को लेकर पूरे बस्तर संभाग में रेल लाइन अभियान चलाया गया था। इनकी मांग थी कि जगदलपुर से रायपुर को एवं किरंदुल को तेलंगाना प्रदेश मनुगुरु से तक सीधे तौर पर जोड़ा जाएं, परंतु इनकी माँग पर कोई पहल नहीं हो पाई। बस्तर संभाग के सांसद और विधायक इस मुद्दे को ▸▸| शेष पेज 10 पर

### सर्वे होने के बाद साध लिया मौन

रेल आंदोलन से लंबे समय तक जुड़े रहे आकाश राव ने बताया कि कांकेर से धमतरी के बीच रेल लाइन का सर्वे किया जा चुका है। इस रेल लाइन के सर्वे का आंकलन 726 करोड़ रुपए में हुआ था और इसकी रिपोर्ट रेल मंत्रालय को 11 जुलाई 2017 को भेजी जा चुकी है। सर्वे होने के बावजूद आज पर्यंत तक आगे की कार्रवाई लंबित है।

**खबर संक्षेप**

### शराब दुकान खोलने में भाजपा, कांग्रेस की नीति एक समान : नवनीत



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने कोतवाली थाना के सामने शराब दुकान खोलने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को अवसरवादी राजनितिक दल बताया है। कांग्रेस के समय जब यहां शराब दुकान खोलने की पहल हुई तब भाजपा ने विरोध किया था। आज जब भाजपा सत्ता में आयीं तब यहां शराब दुकान खोलने का आदेश दिया है। दोनो पार्टी को जनभावना से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि मोर्चा के लिए शराब की दुकान चाहे चांदनी चौक में हो या कोतवाली थाना के सामने व्यावसायिक परिसर में वह शराब की दुकान ही है। शराब की दुकानों को शहर से बाहर किया जाए। चांद ने कहा कि आम नागरिकों के सुरक्षा व भविष्य को लेकर मोर्चा सड़कों पर इसका विरोध करने उतरेगी।

### भेज्जी-चिंतागुफा व चिंतलनार-मरईगुड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगी राहत

# पहुंच विहीन गांवों तक बिछ रहा सड़क का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के चलते विकास की बयार बहने लगी है। सुकमा जिले के भेज्जी-चिंतागुफा एवं चिंतलनार-मरईगुड़ा क्षेत्र में नक्सलियों के गढ़ में सड़क निर्माण हुआ है। जिसके बाद अब उन जगहों में भी शासन की योजनाएं पहुंच रही है, जहां पहले जाने के बारे में सोचना भी मन में डर पैदा करता था।

■ फोर्स के हौसले ने नामुमकिन को बनाया मुमकिन

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने अपनी दखलांदाजी बढ़ाई है, क्षेत्रों में कैंप स्थापित किए हैं, जहां जाना पहले कभी मुमकिन ना था। वहां लोक निर्माण विभाग की ओर से सुकमा जिले के भेज्जी-चिंतागुफा एवं चिंतलनार-मरईगुड़ा क्षेत्र में सड़क का निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है, जो 64.81 करोड़ रूपए की लागत से भेज्जी-चिंतागुफा का 27.80 किलोमीटर और 1.22 अरब रूपए की लागत से चिंतलनार-मरईगुड़ा 65 किलोमीटर सड़क है। पीडब्ल्यूडी जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता ने इस सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस क्षेत्र में नक्सली की दखलंदाजी के कारण जनता को बुनियादी सुविधाओं को मोहताज होना पड़ रहा था, लेकिन अब इस गांव की दशा और दिशा बदलने लगी है।





**सुरक्षाबल की निगरानी से हो रही निर्माण कार्य**

चिंतागुफा एवं चिंतलनार, मरईगुड़ा निवासी ग्रामीणों के अनुसार सुरक्षा बलों की निगरानी में इस क्षेत्र में सड़क का निर्माण हुआ है, जिससे निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। इस सड़क निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

अलग खबर

**निर्माण कार्य, डामरीकरण प्लांट का किया निरीक्षण**

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने हॉल ही में दोनों सड़कों के निर्माण कार्य एवं डामरीकरण प्लांट का निरीक्षण किया। उसी दौरान संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय में निर्माण कार्य पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कोदापाखा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम कोदापाखा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनप्रतिनिधियों का स्वागत वंदन पश्चात कार्यक्रम को गति दिया गया। कृषि महाविद्यालय के डॉ. अजय तिवारी द्वारा खरीफ फसल महाविद्यालय द्वारा विकसित नए नए फसलों के किस्मों तथा अच्छी उत्पादन तकनीक के बारे में कृषक बंधुओं को बताया गया। समय पर बुआई करने आधुनिक तकनीक से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शंभूलाल नरेटी द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिट्टी नमूना लेने की विधि के बारे में बताया गया। असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर बलवंत बघेल द्वारा 17 प्रतिशत नमक घोल बीज उपचार विधि का प्रदर्शन, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हलधर नेगी द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ खाद बीज भंडारण वितरण पर विस्तार पूर्वक जानकारी खरीफ फसल में लगने वाले कीड़े बीमारी तथा उनके उपचार के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग के डॉ. सरिता ठाकुर द्वारा विभागीय योजनाओं, टीकाकरण एवं अन्य की जानकारी दी गई। उद्यान अधीक्षक उद्यानिकी विभाग धीरज उइके द्वारा पाम आयल योजना, फार्म फेंन्सिंग योजना, हल्दी-अदरक प्रदर्शन, 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप सिंचाई आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्षता सरपंच कोदापाखा कृषक मित्र, कृषक उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी शराब की कोचिया कर रहे अवैध बिक्री

**पखांजूर।** कोचियों में अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। संबंधित विभाग इसे रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विभाग की मिलीभगत से शराब माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से माफिया के हौंसले बुलंद हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोचियों के माध्यम से कई स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इनमें से अधिकांश स्थान ऐसे हैं जहां पुलिस और आबकारी विभाग की नजर नहीं पहुंचती। शराब माफिया ने अपने नेटवर्क को इतना मजबूत बना लिया है कि वे बेखौफ होकर शराब बेच रहे हैं। इस मुद्दे पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश किया गया, परंतु विभागीय कार्यालय में ताला जड़ा मिला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित है और



जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हो रहा। स्थानीय निवासियों ने मांग किया है कि विभाग को अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो इसका खामियाजा समाज को भुगतना पड़ेगा। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। अवैध शराब बिक्री पर रोक लगा पाएंगे या फिर यह समस्या और भी विकराल रूप लेगी। फिलहाल स्थानीय निवासियों को इंतजार करना होगा और देखना होगा कि विभाग अपनी जिम्मेदारी को कितनी गंभीरता से लेता है।

## मोदी सरकार के 11 साल में हुए विकास कार्यों को घर- घर तक पहुंचाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



भाजपा मंडल अंतागढ़ द्वारा मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों के विषय पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अंतागढ़ के वन विभाग विश्राम गृह में किया गया। सबसे पहले भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 11 वर्षों की उपलब्धियों और विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के लिए भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान 9 जून से चलाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विरासत को संवारने के साथ विकास की तेज रफ्तार का काम कर रही है और देश लगातार तरक्की कर रहा है। आज सशक्त व सक्षम राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने है। प्रत्येक बूथ शक्ति केंद्र तक कार्यकर्ता पहुंचेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के तहत जन जन तक कार्यकर्ता पहुंचाएगी और 9 जून को डिजिटल प्रतियोगिता होगी, जिसके अंतर्गत मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल के छोटे वीडियो चित्रात्मक ग्राफिक्स संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश उईके, वरिष्ठ नेता रामविलास गुप्ता, लक्ष्मण ठाकुर, महावीर ठाकुर, कुबल भूसाखरे, टीकम तुरतुरिया, दीपसिंह सोलंकी, कल्पना जैन, मनोरमा मंडावी, कुमारी साहू, यमुना पटेल, ज्योति उईके, शांतनु मानकर, संदीप देहरी, हेमलता देहारी, साधना निषाद, अंतागढ़ भाजपा मण्डल के समस्त पदाधिकारीगण एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यशाला में कुष्ठ रोग का उपचार विधि बताया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ व्हीके ठाकुर एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषभ साव की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में कुष्ठ प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

केन्द्र शासन द्वारा कुष्ठ रोग के निर्मूलन के लिए 1 अप्रैल से कुष्ठ का वर्गीकरण एवं उपचार विधि में परिवर्तन किया गया है। इस विधि को अपनाने के लिए तोकापाल विकासखण्ड के सभी आरएमए स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं चिरायु टीम का कुष्ठ प्रशिक्षण एवं कार्यषाला आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर शिवनारायण पाण्डे एवं राजन माली ने प्रशिक्षण दिया। प्रयोगात्मक बनाने के लिए दो कुष्ठ मरीज को भी आमंत्रित किया गया था।

## भाजपा मंडल सरोना में कार्यशाला, केंद्र सरकार के 11 वर्षों की बताई उपलब्धियां

**सरोना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी ने विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण जन जागरुकता अभियान के तहत जनसंपर्क, संवाद और संगठनात्मक मजबूती का व्यापक प्रयास किया।

इसी अभियान की कड़ी में सरोना मंडल ने एक विशाल और भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों की गहराई से जानकारी देते हुए विशेष जोर दिया कि किस प्रकार यह दशक जन-जन के हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों, योजनाओं की सर्वसुलभता और अंत्योदय के मूल मंत्र पर आधारित रहा है। जब भारत वैश्विक मंच पर नेतृत्व की ओर अग्रसर है, तब भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे योजनाओं की सही जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएं और जन संवाद को एक सशक्त माध्यम बनाएं। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हिरा मरकाम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, मंडल महामंत्री किशोर भास्कर, जनपद सदस्य कन्हैया नेताम और भानु नेताम ने भी विचार रखे।



आयोजित कार्यक्रम में वीरेंद्र साहू, सुदामा यादव, रुकदेव यादव, बैराग शोरी, अशोक निषाद, संजय गोलछा, अनिल गजपाल, राजेश कलिहारी, प्रताप साहू, नागेंद्र सुरोजिया, दीपक साहू, अनिल कोराम, एन बत्ती कोर्राम, चंपा जायसवाल, सूरज कोराम, सगे सिंह वट्टी, भागवत जैन, संत यादव, ढालेश्वर सोनकले, राकेश नागेंद्र सुरोजिया, राकेश, अशोक लुनावत, राकेश नागवंशी उपस्थित रहे।

## बस का इंतजार कर रहे 2 स्टेट के 3 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले 24 घटें में दो अलग कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने दो स्टेट के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.83 लाख रूपए का गांजा के अलावा मोबाईल व अन्य सामान बरामद किया है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा पहली कार्रवाई करते हुए ग्राम धनपुजी आरटीओ नाका एनएच 63 के करीब घेराबंदी कर एक आरोपी जयांश 19 वर्ष निवासी मोंगरा बादशाहपुर थाना मोगरा बादशाहपुर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया गया।

उसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा का दो पैकेट कुल 11.844 किलो गांजा कीमत 1 लाख 18 हजार 440 रूपए व मोबाईल कीमत 10 हजार रूपए बरामद कर जब्त किया गया।

**पेज 09 के शेष**

### जमीन पर कब्जा...

जमीन पर गए। दिलीप सरकार, संजय सरकार, उत्तम सरकार भी जमीन पर गए। हम लोग शाम 5 बजे वहां पर पहुंचे तो दिलीप सरकार, संजय सरकार, उत्तम सरकार बोलने लगे कि हमारा जमीन में क्यों समतल किए हो। बांस के डंडा से हम दोनों भाई को मारते हुए इस जमीन पर तुम लोग आओगे तो जमीन में ही मार कर गाड़ देंगे कहते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे सिर, दाहिने कनपट्टी, कमर, घुटने व भाई समीरन मंडल के बांए हाथ में चोट लगा व खून निकला है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दिलीप सरकार, संजय सरकार, उत्तम सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पत्नी के साथ...

द्वारा लड़ाई झगड़ा कर मारपीट किया जाने लगा। चार माह की गर्भवती हूं तथा मुझे अभी पता चला कि मेरे से पहले मेरे पति की चार पत्नी रह चुकी है, जिसके साथ भी मारपीट करता था।

### हर वर्ग विकास...

लोकेश्वर सेन, मोतीराम नाग, सितम्बर कावडे, माखन मंडावी, तिलक नाग, दिलीप सिंह राजपूत, दिकुनतला साहू, लीना नाग, अनिता कावडे, अशोक कचलाम, देवेन्द्र यदु, रमेश साहू, कृष्णा साहू, वेद कुमार औरसा, नम्मु राम खरे, किशोर मंडावी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आठ साल पहले...

जोर शोर से उठाते, तो यह तय था कि सर्वे के बाद परिणाम सकारात्मक आ सकता था, परंतु ऐसा नहीं हो पाया। जगदलपुर को कोंडागांव- केशकाल - कांकेर - धमतरी से होते हुए रायपुर तक सीधी रेल लाइन से जोड़ने की माँग बहुत पुरानी है। बस्तर को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना है तो, इसके लिए यह रेल लाइन बहुत जरूरी है।

### पीएम मोदी ने...

उतम सिन्हा, कोषाध्यक्ष रोहित साहू और मिडिया प्रभारी ईश्वर यदु के अलावा शंकर यादव, पार्वती साहू , जागेश्वर जैन, कुलेश्वर नेताम , मिथिलेश्वरी शोरी, सुनील कुमार मंडावी, दिलीप चुरगिया, वीरेंद्र कुंजाम, सरजू नेताम, देवेंद्र कुमार कोसमा, कुबेर कोसमा, भुनेश्वर खड़हे, सोमन लाल साहू, शंकर निर्मलकर, जयंतीलाल नेवरा, सतीश कोरेटी, रमेश हुपेंडी, मधुराज मांडवी, बाल सिंह उयके, लोकेश्वर साहू, धनीराम साहू ,राकेश जैन, हेतराम साहू, भागीरथी जुर्री आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जवानों के दैनिक आहार में बाजरा 30 प्रतिशत मानक से अधिक हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सीएपीएफ में बल सदस्यों के स्वस्थ जीवनशैली के लिए गृह मंत्रालय के श्री अन्न मिशन की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने देश भर में तैनात अपनी 434 इकाइयों और फोर्मेशन्स में श्री अन्न के उपभोग के लक्ष्यों को पूरा कर लिया है। यह उल्लेखनीय

■ सीआईएसएफ के श्री अन्न अभियान को मिली सफलता

उपलब्धि इन पारंपरिक पौष्टिक अनाजों को न केवल अपने कर्मियों और उनके परिवारों के बीच बल्कि व्यापक नागरिकों के बीच भी बढ़ावा देने की गृह मंत्रालय की पहल के प्रति सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जारी बयान में सीआईएसएफ इकाई नगरनार स्टील लिमिटेड के उप कमाण्डेन्ट ने बताया कि इस उपलब्धि की यात्रा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष' घोषित करने के साथ शुरू हुई, जो भारत के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। इसके बाद, गृह मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के दैनिक आहार में श्री अन्न को शामिल करने का आदेश 4 मई 2023 को दिया, जिसमें 2024-25 के लिए जवानों के दैनिक आहार में 30 प्रतिशत श्री अन्न का विशिष्ट लक्ष्य रखा गया।





**स्वास्थ्य से जुडी स्वाद यात्रा**

सीआईएसएफ इकाइयों ने 335 से अधिक प्रदर्शनियों श्री अन्न मेला का आयोजन किया है, जो जनता और सीआईएसएफ परिवारों को यह व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करते हैं कि श्री अन्न को अपने आहार में शामिल करना कितना आसान है। इन मेलों ने लोगों को श्री अन्न आधारित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया, जिससे किसी भी संदेह को प्रभावी ढंग से दूर किया जा सका और व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित किया जा सका।

उन्होंने बताया कि दैनिक रोल कॉल, ब्रीफिंग, सैनिक सम्मेलन और अन्य बैठकों के माध्यम से जवानों को श्री अन्न के लाभों के बारे में लगातार शिक्षित किया गया। कल्याणकारी गतिविधियों में परिवार के सदस्यों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया जिससे उन्हें अपने घर के आहार में श्री अन्न को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अब सरकारी आयोजनों में भी श्री अन्न आधारित व्यंजन स्वीकृत व लोकप्रिय हो चुके हैं।

### प्रशिक्षण और जुड़ाव

सीआईएसएफ के 100 प्रतिशत रसोइयों को स्वादिष्ट श्री अन्न व्यंजन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है। बल ने ज्ञान प्रदान करने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए आहार विशेषज्ञों और डॉक्टरों द्वारा 662 व्याख्यानों के साथ-साथ 1,110 सेमिनार, वेबिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

**उपलब्धता सुनिश्चित करना**

उपभोग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए अब केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार दुकानों में श्री अन्न उत्पाद आसानी से उपलब्ध है। श्री अन्न, जिसे अक्सर प्रथम फसल और भविष्य की फसल के रूप में जाना जाता है, पोषण संबंधी पावर हाउस है। इन जलवायु स्मार्ट अनाजों को न्यूनतम पानी, उर्वरक या कीटनाशकों की आवश्यकता होती है।

**स्वास्थ्य में आ रहा सकारात्मक बदलाव**

उप कमाण्डेन्ट ने बताया सीआईएसएफ अन्न किसानों, उपभोक्ताओं और जलवायु के लाभ के लिए श्री अन्न को बढ़ावा देने के भारत सरकार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह सफलता की कहानी इस बात का एक सजीव प्रमाण है कि कैसे निरंतर प्रयास और नीतियों से पूरे देश में स्वास्थ्य और स्थिरता के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में किया गया पौधरोपण



बीजापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए जिनमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने न केवल पौधारोपण किया बल्कि उस पौधे को अपने माँ के नाम समर्पित करते हुए उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं ली। यह गतिविधि छात्रों के पर्यावरण के प्रति लगाव को दर्शाती है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दशरथ द्वारा किया गया एवं यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के संचालन व समन्वय के लिए विद्यालय स्तर पर 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया जो समय समय पर इस अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों का क्रियान्वयन व समन्वयन करेगी।

### हर-घर में नल से हो रही जल की आपूर्ति



बीजापुर। ग्राम भटपल्ली जो बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तिमेड़ का आश्रित ग्राम है, जल जीवन मिशन के तहत एक प्रेरणादायक सफलता की मिसाल प्रस्तुत करता है। इस योजना ने ग्रामीणों के जीवन में जल आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। इस ग्राम में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। पहले ग्राम भटपल्ली में 15 हैण्डपंपों के माध्यम से पानी की आपूर्ति होती थी, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी कतारों का सामना करना पड़ता था। जल जीवन मिशन के तहत अब 81 परिवारों को घर पर नल कनेक्शन के माध्यम से निरंतर शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो रहा है।

## जिले में शालाओं की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया कलेक्टर की उपस्थिति में हुई पूरी

# प्राथमिक में 127 एवं माध्यमिक में 39 शिक्षकों की हुई काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक स्तर में 127, माध्यमिक स्तर पर 39 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। कलेक्टर द्वारा शिक्षकों की सहमति के आधार पर उनकी स्कूलों में पदस्थापना की गई।

ज्ञात हो कि युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षक विहीन प्राथमिक शाला संख्या 2 कुल पद- 4 (2 शिक्षक 2 प्रधान पाठक, एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला संख्या 139 (कुल पद 149,) दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक आवश्यकता 43,कुल रिक्तियां 196, दर्ज की गई थी। इस प्रकार जिले में कुल अतिशेष शिक्षक की संख्या प्राथमिक स्तर 129 शिक्षक एवं 2 प्रधान पाठक की थी। इस क्रम में युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षक विहीन प्राथमिक शाला संख्या अब नहीं है एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला संख्या 12 कुल पद- 22, दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्या 43, कुल रिक्तियां 65 रही। इस प्रकार अब जिले में प्राथमिक शालाओं में अतिशेष की संख्या नहीं रही। आज संपन्न हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में 127 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसलिंग की गई एवं 4 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदाय किया गया। इस प्रकार माध्यमिक स्तर पर युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षक विहीन माध्यमिक शाला की संख्या 0, एकल शिक्षकीय माध्यमिक शाला की संख्या 1 थी। इस प्रकार दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक वाले कुल माध्यमिक शाला 39 दर्ज किया गया था। इसके के तहत कुल रिक्तियां 42 रही। इस प्रकार जिले में माध्यमिक शालाओं में कुल 40 अतिशेष शिक्षक तथा 1 प्रधान पाठक का पद दर्ज किया गया था। युक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले के माध्यमिक शाला स्तर में अतिशेष शिक्षकों की नहीं रही। आज हुए युक्तियुक्तकरण काउंसलिंग माध्यमिक स्तर पर 39 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसलिंग की गई एवं 2 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदाय किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, एसडीएम बचेली कमल किशोर, एसडीएम दंतेवाड़ा मूलचंद चोपड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी एसकेअम्बस्ट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य में युक्तियुक्तकरण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के समायोजन एवं शिक्षकों की समुचित व्यवस्था किया जाना है। इसी दृष्टि से एक ही परिसर की विद्यालयों का समायोजन किया जा रहा है। जिन विद्यालयों में अधिक शिक्षक कार्यरत हैं, उन विद्यालयों से कम शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों का समायोजन किये जाने से सभी विद्यालयों में शामिल समानुपातिक शिक्षकों की व्यवस्था होगी। युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को शालाओं में बार-बार प्रवेश से मुक्ति मिलेगी, जिससे ड्रॉप आउट रेट में कमी आयेगी। इसके अलावा एक ही परिसर के विद्यालयों में प्रशासनिक कसावट आयेगी। साथ ही विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी। छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षा हेतु विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। भविष्य हेतु बेहतर अधोसंरचना विकसित की जा सकेगी और शिक्षा के स्तर में एकरूपता को बढ़ावा मिलेगा।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार वर्षा ऋतु के पूर्व अधिकतम वर्षा जल संचयन सुनिश्चित करने हेतु मोर गांव मोर पानी महा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में मेखावाया क्लस्टर में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल संरक्षण संबंधी विविध पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। मेखावाया प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधरोपण कर, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए। प्रशिक्षण सत्रों में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा ग्राम संगठन से चयनित महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को दीवाल लेखन, रैली, ग्राम चौपाल एवं अन्य गतिविधियों के जरिये जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिले की प्रत्येक पंचायत में जल शपथ दिलाई जा रही है, जिसमें मनरेगा कार्यस्थलों पर भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जल संरक्षण के लिए विभिन्न तकनीकी जानकारियां प्रदान की गईं। विशेषकर जल संरचनाओं के निर्माण, जल पुनर्भरण हेतु वॉटर रिचार्ज पिट जैसे उपायों को अपनाने और पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गांवों में पहुंचा कृषि रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत ग्राम पंचायत फुलबगड़ी, गादीरास, पाकेला, गंजेनार एवं मेटागुड़ा में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, प्रगतिशील कृषकों, जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग रहा। विदित है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में आरपी कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम, डॉ. परमानंद वडॉ. जितेश कुमार बघेल तथा डॉ. संजय सिंह राठौर, मयूरी ठाकुर व भीम कुमार जायसवाल क्रमशः कोंटा, छिंदगढ़ तथा सुकमा विकासखण्डों में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिनके द्वारा खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, समन्वित खरपतवार, कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग, पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही हैं। किसानों को खाद एवं उर्वरक, सिंचाई प्रबंधन से अवगत कराते हुए पादप हार्मोन का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। सभी कार्यक्रम स्थलों में विश्व पर्यावरण दिवस के सुअवसर पर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में वृक्षारोपण के महत्व तथा एक पेड़ माँ के नाम लगाने हेतु प्रेरित किया गया । इसी उपलक्ष्य में मुरतोंडा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक-एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाकर उसके रखरखाव का संकल्प लिया तथा वृक्षारोपण का संदेश दिया।

## कृषि रथ पहुंचा बेदरे और करकेली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

विकासखंड भैरमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बेदरे एवं करकेली में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें सोमली वाचम जनपद सदस्य, चंद्रकला सरपंच बेदरे, कोलू मज्जी (पंच), सूरीता वाचम सरपंच करकेली एवं कविता पोयम सरपंच उसकापटनम सम्मिलित रहीं।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार सिन्हा, सहायक संचालक कृषि, बीजापुर की अगुवाई में कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर से वैज्ञानिक डॉ. बीके ठाकुर तथा ब्लॉक भैरमगढ़ से पीके नाग, दीपक कुमार जैन, तनु दास, मनोज कुमार तिवारी की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही अन्य विभागों से जुड़े अधिकारीगण भी मौजूद रहे जिसमें से आरके तारम आरएचईओ उद्यान विभाग, टीएस सिन्हा मत्स्य विभाग, राजेश यदु, मोनिका मांझी, कुमारी अंबिका कांगे पशु चिकित्सा विभाग, प्राकृतिक खेती के बारे में कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की निर्माण विधि और उपयोग के बारे में विस्तार से जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीके ठाकुर ने धान बीज चयन हेतु नमक घोल का जीवंत प्रदर्शन कर किसानों को उसकी वैज्ञानिक विधि से अवगत कराया। टीएस सिन्हा मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन हेतु उपयुक्त मछली बीज, तालाब की तैयारी, रख-रखाव तथा सरकारी योजनाओं जैसे मत्स्य बीज वितरण, तालाब निर्माण सहायता आदि की जानकारी दी गई। किसानों को मत्स्य व्यवसाय को एक सशक्त आमदनी के स्रोत के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजेश यदु एवं उनकी टीम द्वारा पशुओं में फैलने वाली प्रमुख बीमारियों, जैसे गलघोंटू, खुरपका-मुंहपका आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निःशुल्क टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण जैसे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उद्यानिकी विभाग से आरके तारम द्वारा ऑयलपाम की खेती की तकनीक, उपयुक्त जलवायु, पौध की उपलब्धता, देखरेख तथा सरकारी प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी आदि पर किसानों से विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आम की पौधों पर कलम करना भी सिखाया गया। किसानों की समस्याओं का समाधान कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों की जमीनी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान दिए गए एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताया और अधिकारियों की उपस्थिति की सराहना की।

## बोड़नपाल मांझीपारा को विधायक निधि से मिला पानी टैंकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बोड़नपाल मांझी पारा में लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। पूर्व जनपद पंचायत सदस्य बैद्यनाथ मौर्य के पहल पर विधायक निधि से एक नया पानी टैंकर ग्राम पंचायत बोड़नपाल 1 को प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि गांव में पहले से केवल एक ही पानी टैंकर उपलब्ध था, जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेषकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गांववासियों ने अपनी समस्या से विधायक लखेश्वर बघेल को अवगत कराया था। जनहित को प्राथमिकता देते हुए विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने तत्काल इस समस्या को संज्ञान में लिया और अपनी विधायक निधि से नया पानी टैंकर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उनके इस प्रयास से अब गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति में सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य बैद्यनाथ मौर्य ने कहा कि यह टैंकर गांव के प्रत्येक घर तक जल पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा और ग्रामीणों को अब जल संकट से निजात मिलेगी।

उन्होंने विधायक बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं और उनका निराकरण करते हैं। ग्रामीणों ने भी विधायक और जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार की जनहितकारी पहल जारी रहेगी।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को 33 प्रकरणों में 1 करोड़ 92 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में नक्सली हिंसा में मृतकों के परिवारों हेतु 5 लाख रुपये, आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि हेतु 7 लाख रूपये, सक्रिय 5 लाख या अधिक के इनामी आत्मसमर्पित नक्सली को शासकीय सेवा में नियुक्ति या शासकीय सेवा प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे आत्मसमर्पित नक्सली को इसके एवज में 10 लाख रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की गई। जिसमें 1 करोड़ 80 अस्सी लाख रूपये कुल 1 करोड़ 92 लाख रुपये स्वीकृति की गई है। जिसमें नक्सली हिंसा में मृतक के परिवारों हेतु स्व. मुचाकी रामा पिता स्व.भीमा मुचाकी को 5 लाख रूपये प्रस्तावित किया गया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि हेतु कुहरम भीमा पिता स्व. देवा, तेलाम हिड़मा पिता गंगा, महिला माडवी पोज्जे पिता स्व. गंगा ईनामी, महिला पोडियाम आयते पिता स्व. देवा, महिला माडवी मंगड़ी पिता स्व. हिंगा, सोड़ी सोना पिता मंगू, महिला महकम हुगी पिता स्व. मंगडू , महिला रवा लख्खे पति स्व देवा, गोंगे उर्फ सरियम आयता पिता गंगा, सोड़ी केसा पिता भीमा, कुंजाम गंगा पिता भीमा, माडवी मूका पिता स्व. भीमा, माड़वी देवा उर्फ पाड़ा देवा पिता स्व. हुगा, तेलाम पोज्जा पिता गंगा प्रत्येक व्यक्तिय को 50-50 हजार रूपये, कुल 14 प्रकरणों में कुल 7 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि स्वीकृत है। सक्रिय 05 लाख या अधिक के इनामी आत्मसमर्पित नक्सली को शासकीय सेवा में नियुक्ति या शासकीय सेवा प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे आत्मसमर्पित नक्सली को इसके एवज में 10 लाख रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की गई। इसके तहत रनसाय उर्फ मनोज उर्फ ओयाम बुस्का पिता स्व. कोसा, प्रदीप उर्फ रब्बा राकेश पिता स्व. पाण्डू, कवासी सोना पिता मुडा, मडकम जोगा पिता स्व. देवा, मुचाकी देवा पिता स्व. गुड्डी, महिला माड़वी बुधरी पति मड़कम मंगडू, समीर उर्फ मिडियम सुक्का पिता स्व देवा, महिला रजनी उर्फ राजे उर्फ बीडे माड़वी पिता माड़वी गंगा, महिला शांति कवासी पिता गंगा, महिला मडकम सोमड़ी पति मडकम नंदा, हेमला हिड़मा उर्फ वागा पिता चूला, महिला रव्वा मूके उर्फ भीमे पति हिड़मा हेमला पिता भीमा, बण्डू उर्फ बण्डी मड़काम पिता मासा, पदाम सम्मी पति स्व. दारा, संतोष उर्फ सन्ना बारसे पिता स्व. देवा, अरूण उर्फ माड़वी हुर्रा पिता देवा, किकिड देवे पिता स्व. नंदा, मनोज उर्फ दूधी बुधरा पिता चमरू को प्रत्येक व्यक्ति को 10- 10 लाख रूपये सहायता राशि प्राप्त होगा कुल 18 प्रकरणों में कुल 1 करोड़ 80 लाख रूपये सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

## कासोली में शुरू हुई ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का प्रथम मैच केसीसी 11 एवं मुस्तलनार के मध्य खेला गया। जिसमें केसीसी 11 ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदराम, सरपंच शैलेश अटामी, उपसरपंच चैतराम भास्कर, माटी पुजारी जामु राम अटामी, संजय राठौर व क्रिकेट कमेटी के मंगल सिंह अटामी, दिलीप कुमार, माहरु राम, सुरेश कश्यप सहित कई क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## शिक्षकों के पूर्व स्वीकृत सेटअप के अनुरूप हो नियुक्तियां : सर्व आदिवासी समाज

# शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों पर 11 को प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग की एक अहम बैठक आज नयापारा स्थित संभागीय कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में बस्तर जिले के सभी समाज प्रमुख, बुद्धिजीवी वर्ग, सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी संगठन, युवा एवं छात्र संगठन, महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय करना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 11 जून को बस्तर संभाग में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण में सामने आ रही अनियमितताओं, स्कूलों के बंद होने, शिक्षकों की कमी, अतिशेष शिक्षकों की उचित नियुक्ति और पदोन्नति में हो रही देरी के विरोध में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय पारित किए गए।

■ नयापारा संभागीय कार्यालय में हुई बैठक, लिया निर्णय

बैठक में बस्तर संभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत बंद किए जा रहे स्कूलों को उनके पूर्व डाइड कोड के साथ पुनः चालू किया जाए। बैठक में इसके अतिरिक्त प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्व स्वीकृत 1:5 सेटअप नीति के अनुरूप नियुक्तियां करने। सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे जिलों में संचालित पोटा केबिन स्कूलों में विषय और छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति कर उचित व्यवस्था की मांग की गई। साथ ही, शिक्षा विभाग में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों को बंद करने की भी मांग रखी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु के तहत पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में स्थानीय भर्ती प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। साथ ही, स्थानीय मातृभाषा में शिक्षा हेतु स्थानीय शिक्षकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

वरिष्ठ शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 3 मई 2023 एवं 24 फरवरी 2025 को पारित आदेशों के तत्काल क्रियान्वयन की मांग भी उठाई गई। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया कि बस्तर संभाग में डी. एड. और बी. एड. महाविद्यालयों की संख्या कम है, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण बाधित हो रहा है।

## बकाया टैक्स वाले वाहनों की होगी कुर्की

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में पहली बार परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी करेगा। इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर के वाहनों से टैक्स बकाया वसूली में जुटे हैं। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। आरटीओ बकायादार मालिकों की वाहन एवं राजस्व विभाग से चल, अचल संपत्ति का जानकारी ले रहे हैं। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टैक्स बकाया वाले वाहन के मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आमागुहान के मेला में देवी देवता हुए शामिल

**दुर्गूकोंदल।** बस्तर अंचल में मेला मड़ई का विशेष महत्व होता है। सभी हर्षोल्लास के साथ मेला मड़ई को धुमधाम से मनाते है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के इस सीजन का अंतिम मेला ग्राम आमागुहान में शनिवार को आयोजित हुआ, जिसमें हजारों कि संख्या में भीड़ देखने को मिली। आसपास के देवी देवता और ग्रामीण देवी देवताओं की परिक्रमा के साथ मेले का शुभारम्भ किया गया।

### अज्ञात कारणों से युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मैनपुर निवासी 31 वर्षीय मनोज नेताम का इलाज के दौरान 26 मार्च को सुबह सवा 11 बजे जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना ले जाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### उड़कुड़ा निवासी अधेड़ की हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उड़कुड़ा निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र कुमार नेताम का स्वास्थ खराब होने के कारण जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 11 मार्च को दोपहर साढ़े 3 बजे उसकी मौत हो गई। थाना कांकेर से मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यकाल को पूर्ण होने पर 9 से प्रदेशब्यापी कार्यक्रम

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यकाल को पूर्ण होने पर 9 जून से भाजपा प्रदेशब्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान की शुरुआत किया जाएगा। 15 से 17 जून तक कल्प सिद्धि अभियान शक्ति केंद्रों में जनचौपाल लगेंगे। जिला भाजपा प्रतिनिधि एवं पूर्व भाजपा मंडल नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर चुकी है। पीएम मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जैसे उजाला योजना के तहत लाखों महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले हैं, जिनसे उनका सेहत और जीवन शैली में सुधार हुआ है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बालिकाओं को शिक्षा में ध्यान दिया गया है। पुरुष और महिलाओं में समानता का अधिकार दिया गया है।

---

**अव्यवस्था : सरोना स्वास्थ्य केंद्र में बदहाली**

# स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बनाए गए भवन हुए जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

जिले के सरोना स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में मौजूद आवासीय भवन, जो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए वर्षों पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया था। यह अब अपने खंडहर रूप में भयावह खतरे की घंटी बजा रहा है। दुर्भाग्यजनक यह है कि इस स्थिति से सभी वाकिफ हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि लगातार चुप्पी साधे हुए हैं। विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना स्वास्थ्य केंद्र भवन की दीवारों में बड़ी दरारें, टूटती छतें, बरसात में टपकता पानी और हर वक्त दुर्घटना की आशंका यही है। उस भवन की वर्तमान तस्वीर जहाँ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रातें गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या यह वही स्वास्थ्य ढांचा है, जिसकी मजबूती की बात सरकार हर मंच पर करती है। स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि भवन की हालत पिछले कई वर्षों से लगातार बिगड़ रही है, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। कई बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई, लेकिन नतीजा सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रहा। सूत्रों की मानें तो भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव फाइलों में जरूर घूमा, लेकिन न तो कोई तकनीकी सर्वे हुआ और न ही कोई कार्य आरंभ हुआ। कुछ जगहों पर सिर्फ दिखावे के लिए सफेदी या छोटे-मोटे प्लास्टर किए गए, जो बारिश की पहली फुहार में ही बह गए। यह सब एक गहरी प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे वह पंचायत प्रतिनिधि हों, जनपद सदस्य हों या जिला स्तरीय प्रतिनिधि सभी को इस समस्या की जानकारी है। फिर भी इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक वक्तव्य, कार्रवाई की मांग या ठोस पहल सामने नहीं आई। आम जनता सवाल पूछ रही है: जब स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं, तो आम जनता की सेहत की रक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। इस मुद्दे को लेकर अब स्थानीय नागरिक भी सोशल मीडिया पर मुखर होने लगे हैं, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और क्षेत्रीय विधायकों को टैग करके जवाबदेही तय करने की मांग की जा रही है।

■ मरम्मत के नाम पर घोर लापरवाही, जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे



**सरकार से किया अपील प्राथमिकता माना जाए**

स्वास्थ्य कर्मी किसी भी व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनका सुरक्षित रहना एक व्यवस्था की न्यूनतम जिम्मेदारी होनी चाहिए। सरोना जैसे ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य स्टाफ की उपस्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण हैं। ऊपर से यदि उन्हें रहने के लिए भी सुरक्षित जगह न मिले तो यह एक बहुत बड़ी प्रशासनिक विफलता है।

---

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरर

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर की बैठक मंडी प्रांगण कोरर में हुई। जिसमें जिले में पिछड़ा वर्ग के जन प्रतिनिधियों व मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रखा गया था। इसके संबंध में आय-व्यय की समीक्षा भी की गई। आयोजित बैठक में भारत सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करने जाने का स्वागत किया गया।

राज्यपाल द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण को राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द विधानसभा में लाकर आरक्षण लागू करना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पंचायत चुनाव में 85 विकासखंड, 16 जिलों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त किया गया। इस संबंध में राज्य सरकार को जल्द से जल्द विधानसभा बुलाकर ग्राम पंचायत को इकाई मानकर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहिए। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास में जो राशि दिया जा रहा है, उसको वृद्धि कर 3 लाख रुपया करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग के पिछड़ा वर्ग को लगातार उपेक्षित कर निगम आयोग मंडल में स्थान नहीं दिया गया है, इस संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। निगम आयोग मंडल में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। समस्त जिलों में पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्थापना होना चाहिए। इसके साथ ही कांकेर जिले के समस्त विकास खंड में ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव ग्रामीण अध्यक्षों का चुनाव करवाने के लिए जल्द से जल्द प्रभारी नियुक्त कर चुनाव किये जाने की सहमति बनी।

बैठक में जगन्नाथ साहू, लक्ष्मीकांत साहू, माधेश्वर जैन, दशरत साहू, हरीश चंद निषाद, अशोक यादव, नंदा गोसाई, हेमंत यादव, अनिता सोनी, राजकुमार साहू, धनेश यादव, वेदप्रकाश सिन्हा, रामेश्वर जैन, अलीत सिन्हा, दुर्गा प्रसाद जैन, बिरसू राम उइके, चरण सिंग उइके, राजूराम उइके, रोशन साहू, अरुण ताम्रकार, गोविंद निषाद, अलक राम सिन्हा, लक्ष्मीनाथ प्रधान आदि उपस्थित रहे।

---

## मजदूर से चखना जल्दी देने की बात को लेकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



■ गंभीर रुप से घायल मजदूर हायर सेंटर रिफर

चारामा के शराब दुकान के पास लगे चखना दुकान में काम करने वाले मजदूर के साथ शराबी ने बेदम मारपीट किया। आरोपी चखना लेने के लिए दुकान पहुंचा था। दुकान से सामान मांगा और जल्दी समान दो कहते हुए दुकान में काम करने वाले मजदूर के साथ मारपीट किया। मारपीट से मजदूर को गंभीर चोटें आईं हैं। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे मचांदुर निवासी 21 वर्षीय महेश्वर निषाद पिता भादूराम निषाद ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भादूराम निषाद चारामा के शराब भट्टी के पास लगने वाले चखना दुकान में मजदूरी का काम करते हैं। 7 जून को पिता रोज कि तरह अपने काम पर चारामा चखना दुकान में गए थे। रात करीबन पौने 8 बजे मुझे फोन के माध्यम से जानकारी मिला की मेरे पिता को दुकान में काम करने के समय वाद विवाद होने से एक व्यक्ति के द्वारा चखना दुकान में रखे लोहे की चम्मच से सिर पर दो से तीन बार मारा है। तुम्हारे पिता के सिर में चोटें आईं है, खून निकल रहा है। इलाज के लिए चारामा अस्पातल ले कर गए है। पिता के साथ हुई घटना की खबर सुनकर अस्पताल जाकर आकर देखा तो पिता भादूराम निषाद का इलाज चल रहा था। सिर में चोट लगी थी, खून बह रहा था। चोट गंभीर होने के बाद चारामा अस्पताल के चिकित्सकों ने पिता को हायर सेंटर रिफर किया। घटना के बारे में पता करने के लिए चखना दुकान के मालिक रोशन देवांगन से पूछताछ किया। तब उन्होंने बताया कि भादूराम निषाद दुकान पर काम कर रहा था, शाम साढ़े 7 बजें शराब के नशे में कृष्णा कश्यप नाम का व्यक्ति दुकान पर आकर भादूराम को गाली देते हुए चखना जल्दी दो कहने लगा। भादूराम के द्वारा कहा गया की दे रहा हूं गाली गलौज क्यों कर रहे हो। उसी बात पर नाराज होकर कृष्णा कश्यप के द्वारा दुकान में रखे लोहे के चम्मच से भादूराम को सिर पर दो से तीन बार मारा।और तू अगर ज्यादा बात करेगा तो जान से मार दूंगा कि धमकी बार बार दे रहा था। आसपास मौजूद लोगों ने मारपीट को देख बीचबचाव किया। अगर बचाव नहीं किया जाता तो निश्चित ही अप्रिय घटना हो जाती। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा कश्यप के खिलाफ 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।


---

## बाइक चालक ने की एक्सीडेंट करने की शिकायत, दूसरे पक्ष ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी के पास बाइक और आटो के बीच टक्कर होने से बाइक में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। बाइक चालक ने एक्सीडेंट की शिकायत थाना में किया। वही दूसरे ओर से अन्य वाहन मालिक ने बाइक में सवार लोगो के खिलाफ एक्सीडेंट की बात को लेकर मारपीट करने का शिकायत दर्ज कराया।

गौरगांव निवासी चंद्रहास भास्कर ने पुलिस को बताया कि माशा हरनपुरी में शिक्षक के पद पर पदस्थ हूं और 7 जून को अपने साथी कने सिंह निषाद के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 9722 में सवार होकर सप्ताहिक बाजार लखनपुरी जा रहा था। मेरा साथी पीछे बैठा था और बाइक को स्वयं चला रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी डिवायडर के पास पहुचे थे कि शाम करीबन सवा 4 बजे हमारे पीछे से आ रही आटो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 8250 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी मोटर सायकल से आगे ले जाकर अचानक सामने से मोड़कर हमारी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से हम लोग मोटर सायकल सहित रोड में गिर गए। गिरने से मुझे बांए हाथ की कोहनी व मेरे दोस्त के दोनों पैर में चोटे आई और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 8250 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। शांतिनगर लखनपुरी निवासी 32 वर्षीय



प्रशांत गोलधर पिता ललित गोलधर ने पुलिस को बताया कि 7 जून को मै अपने रूम लखनपुरी में था। शाम करीबन साढ़े 4 बजें मेरा भाई जयंत गोलधर मिष्ठान भण्डार लखनपुरी में बैठता है, उसने फोन करके बताया की मेरे दुकान के आगे मेरे आटो का एक्सीडेंट हुआ है।

जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा तब मेरे भाई ने बताया की मेरे आटो से दो लोग एक्सीडेंट हुआ है, जिसे आकर देखा उसके बाद मै मोटर सायकल में घायल कनेसिंग को उसे लेकर सूर्या मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल चारामा आया। अस्पताल पहुंचा था की मेरे भाई मुझे फोन किया की मेरे साथ मारपीट कर रहे है। उसके बाद लखनपुरी जाकर पहुंचकर देखा तो मेरे भाई दर्द से रो रहा था और उसके चेहरे में सूजन था, जिसे पूछने पर बताया की आरोपी बाइक चालक ने कहा कि तुम्हारे आटो से एक्सीडेंट किए हैं। एक्सीडेंट करने वाले को छुपाकर रखे हो बोलकर चन्द्रहास भास्कर एवं उसके साथी गाली देते हुए हाथ मुक्का एवं लात से मेरे सिर एवं चेहरे पर ताबड़ तोड़ मारपीट किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रहास भास्कर एवं अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

---

## पुना परीयान और मावा मोदोल कोचिंग सेंटर का सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



■ सेना अग्निवीर, जल, थल एवं वायुसेना, पुलिस आरक्षक जैसी सेवाओं में भर्ती के लिए करा रहे तैयारी

जिला प्रशासन द्वारा संचालित पुना परीयान नई उड़ान योजना के अंतर्गत युवाओं को सेना अग्निवीर, जल, थल एवं वायुसेना, पुलिस आरक्षक, एसआई एवं वनरक्षक जैसी सेवाओं में भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की प्रगति का औचक निरीक्षण जिला पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचिंग सेंटर में आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने मावा मोदोल योजना के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई और तैयारी की प्रगति पर चर्चा की, फीडबैक लिया और छात्रों द्वारा बनाए गए नोट्स तथा कोर्स की जानकारी का अवलोकन किया। शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए एवं विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर समर्पण के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। सीईओ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार मेहनत, धैर्य और लगन से किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं के लिए मेंस और प्रिलिम्स दोनों स्तर की तैयारी के लिए योजनाबद्ध ढंग से अध्ययन करने पर बल दिया। उन्होंने जून से सितंबर तक विषयवार कार्ययोजना तैयार करने और छात्रों की योग्यता के अनुसार कोर्स मॉड्यूल तय करने के निर्देश दिए और साथ ही आगामी सप्ताह में करियर काउंसलिंग सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस, और लाइब्रेरी में चयनित लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई गई है।

**गांव-स्तर पर होगी प्रतिभाओं की पहचान**

जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल मंथन के तहत प्रत्येक गांव में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं की पहचान की जाएगी। इसके लिए स्नातक कर चुके युवाओं का चयन कर ग्राम पंचायत स्तर पर सूची तैयार की जाएगी। चयनित छात्रों के लिए मोटिवेशनल क्लासेस, स्क्रीनिंग टेस्ट और ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से उन्हें रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को सही दिशा देकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे भटकाव से बचकर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

---

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का अमृतकाल जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

केंद्र सरकार के 11 सफल वर्षों की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने के संकल्प के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्रीय राजनीति और संगठनात्मक सक्रियता को नया बल दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा मंडल नरहरपुर के अध्यक्ष संतोष भास्कर ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि /"नए भारत के निर्माण की दिशा में निर्णायक दशक/" की शुरुआत है।

■ नरहरपुर मंडल में कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भाजपा सरकार द्वारा गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा और सुशासन भाजपा की पहचान हैं और 11 वर्षों की यह यात्रा देश की जनता के विश्वास का प्रमाण है। इस कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुँचाएं, ताकि प्रत्येक नागरिक को यह जानकारी मिले कि सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए किस प्रकार सतत प्रयत्नशील है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का संचालन बेहद अनुशासित एवं प्रेरक वातावरण में संपन्न हुआ, जहाँ हर कार्यकर्ता ने खुद को सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध करने का संकल्प लिया।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, मंडल उपाध्यक्ष हेमंत कौशिक, धनेश कौशिक, अघन मरकाम, आशा रावटे मंत्री, कोमल नेवला, मीना मरकाम, हेमलता कटबेर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुरी तथा कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, नरोत्तम सिन्हा, निरंजन सिंन्हा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

## सूने मकान का टूटा ताला, चोरी की राशि का नहीं हुआ खुलासा

**कांकेर/भानुप्रतापपुर।** थानातंर्गत आरईएस कॉलोनी के सूने मकान में अज्ञात व्यक्ति ने घर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। परिवार वाले 26 मई से बाहर गए हुए थे। चोरी कब और चोर ने क्या क्या समान की चोरी किया है। यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। भानुप्रतापपुर के आरईएस कॉलोनी में अज्ञात चोर ने सूने मकान को अपना निशाना बनाया। दरवाजा का ताला तोड़कर घर के घुसा और चोरी कि घटना को अंजाम दिया। घर के लोग कुछ दिनों से बाहर गए हुए थे। चोरी का अंदाजा तब हुआ जब घर का ताला टूटा हुआ था और सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था।

चोरी का अंदेशा होने पर पड़ोस में रहने वाले सूरज ने इसकी जानकारी घर मालिक मधु मोटवानी को दिया। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग वापिस भानुप्रतापपुर के लिए रवाना हुए। भानुप्रतापपुर पुलिस ने बताया कि आरईएस कॉलोनी में चोरी होने की जानकारी मिली है। अभी तक चोरी की शिकायत नहीं की गई है, क्योंकि घर वाले बाहर गए हुए थे। उनको घटना की जानकारी दे दी गई है और वे रायपुर से निकल चुके हैं। रास्ते में है कुछ समय बाद भानुप्रतापपुर पहुंच जाएंगे। परिवार वाले 26 मई को रायपुर गए थे। 8 जून को सूरज ने देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा हुआ है।



■ परिवार के बाहर होने के चलते पूरी जानकारी नहीं मिली

अंदाजा हुआ कि मधु मोटवानी के यहां चोरी हुई है। रायपुर से परिवार के आने के बाद ही पता चलेगा कि कितने की चोरी हुई है। चोर अपने साथ क्या क्या चोरी करके ले गया हैं।

---

## जूनापानी में उल्टी-दस्त जारी शिविर में मिले दो नए मरीज

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा के उप स्वास्थ्य केंद्र चिड़पाल के आश्रित ग्राम जूनापानी में लगातार तीसरे दिन रविवार को भी शिविर लगाया गया। शिविर में दो नए मरीज मिले, सुखमति मंडावी उम्र 40 जूनापानी और भुवनेश्वरी 18 साल डेंग आमापारा की बुखार और दस्त के कारण दवाई लेने पहुंचे थे। दोनों मरीजों को शिविर स्थल पर भी उपचार दिया गया और कमजोरी लगने की शिकायत करने पर घर पर भी इलाज दिया गया। इसके अलावा शुक्रवार को जिन उल्टी-दस्त चार मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में भर्ती किया गया था। उन सभी को स्वास्थ्य लाभ होने पर वहां से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

